

# जहरीली सिरप का कहर जारी

## मृत बच्चों की संख्या 25 पहुंची, कुछ मासूमों का चल रहा नागपुर में इलाज, कोयलांचल में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

सिरपकांड के मुख्य आरोपियों में कंपनी के डायरेक्टर को लेकर छिंदवाड़ा पुलिस ने बीस हजार रूपए के इनाम की घोषणा की थी। इसके लिए सरकार द्वारा विशेष जांच एसआईटी का गठन किया गया था। जिन्होंने चेन्नई में डायरेक्टर रंगनाथन को दबोच लिया। एसआईटी ने कंपनी के महत्वपूर्ण दस्तावेज, दवाओं के नमूने और रिकार्ड भी जब्त किया है। रंगनाथन पर बीस हजार रूपए का इनाम रखा गया था।

सीएम यादव ने कहा कि पुलिस ने तमिलनाडु में गिरफ्तारी की है लेकिन वहां की सरकार सहयोग नहीं कर रही है। इनकी पूरी जिम्मेदारी दवा कंपनी की होती है। हमने भी ड्रग कंट्रोलर, असिस्टेंड कंट्रोलर और सिरप लिखने वाले डॉक्टर पर कार्रवाई की है। जो भी दोषी होगा उस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सीएम ने कहा कि जो राजनीति कर रहे है। उन्हें तमिलनाडु जाकर धरना देना चाहिए क्योंकि इतनी छोटी सी जगह में इतनी बड़ी फैक्ट्री कैसे बनाई गई और लाइसेंस रिनुअल कैसे किया गया।

### सिरप नॉन फार्मास्यूटिकल ग्रेड कैमिकल से तैयार गया था

जांच के दौरान कंपनी मालिक ने स्वीकार किया कि दो बार प्रोपलीन ग्लायकॉल के पचास किलो के दो बैग खरीदे थे यानी कंपनी ने सौ किलो जहरीला कैमिकल खरीदा था परंतु इसकी इनके पास बिल है या न एंट्री।



छिंदवाड़ा में पिछले 40 दिनों से कोल्ड्रिफ सिरप का तांडव चल रहा है। मरने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। गुरूवार को नागपुर मेडिकल कॉलेज में इलाजरत गर्विक पिता बाबू पवार का निधन हो गया। वहीं कोल्ड्रिफ सिरप को बनाने वाली कंपनी के डायरेक्टर गोविंदन रंगनाथन को गुरूवार को छिंदवाड़ा से पहुंची हुई टीम ने गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी डॉक्टर प्रवीण सोनी को बचाने के लिए चिकित्सकीय महकमा बचाव में उतर आया है। गुरूवार को मेडिकल स्टोर बंद करके विरोध प्रदर्शन किया गया है। लेकिन वर्षों से कमीशन का खेल कर रहे मेडिकल स्टोर संचालक नियमों को ताक में रखकर अधिकारियों को घूस देकर लाखों के वारे न्यारे कर रहे है। जब सिरप कांड हुआ तो उन अधिकारियों की भी पोल खुली जो इन मेडिकल स्टोरों से भारी आर्थिक लाभ लेकर नियमों में शिथिलता करते है। सरकारी डॉक्टर निजी प्रैक्टिस करते है और स्वयं की मेडिकल शॉप चलाते है और इन दुकानों में उनकी लिखी हुई दवाईयां उसी मेडिकल स्टोर में मिलती है। डॉक्टर प्रवीण सोनी के साथ भी ऐसा ही मामला था कि उनके द्वारा लिखी हुई दवाईयां सिर्फ उनके अपने मेडिकल स्टोर में मिलती थी जिससे वे लाखों का कमीशन खाते थे उन पर और नए केस लगने की संभावना है।

### मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष के साथ नागपुर में उपचाररत बच्चों और अभिभावकों से मिले सांसद साहू



**छिन्दवाड़ा।** नागपुर में उपचाररत बच्चों और अभिभावकों से गुरूवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेंमत खण्डेलवाल के साथ सांसद बंटी विवेक साहू नागपुर पहुंचे हुये थे। इस दौरान उन्होंने उपचाररत बच्चों के परिजनां और अभिभावकों को ढांढस बंधाते हुये उन्हें सरकार के द्वारा हर संभव और मदद का भरोसा दिलाया है। वही अस्पतालों में मौजूद डॉक्टरों से बच्चों के स्वास्थ्य की सतत निगरानी करने और उन्हें सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि जरूरतमंदों की सेवा में हरदम तत्पर रहने वाले संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू कफ सिरप के मामले को लेकर शुरू से ही गंभीर है। वे लगातार इस मामले को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान कर रहे है, साथ ही इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेंमत खण्डेलवाल से लगातार संपर्क कर उन्हें जानकारी उपलब्ध करा रहे है और उनके द्वारा दिये जा रहे दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य कर रहे है। नागपुर प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के साथ में नागपुर एम्स में उपचाररत कुणाल यदुवंशी और हर्ष यदुवंशी, न्यू हेल्थ केयर अस्पताल में उपचाररत अंबिका विश्वकर्मा और शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचाररत गार्विक पवार को देखने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहा मौजूद बच्चों के परिजनों और अभिभावकों को ढांढस बंधाते हुए उन्हें सरकार की और हर संभव सहयोग और मदद का भरोसा दिलाया है। सांसद श्री साहू ने अस्पतालों में डॉक्टरों से बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली और बच्चों के इलाज को लेकर विस्तृत चर्चा की। सांसद श्री साहू ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की विशेष टीम लगातार बच्चों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग कर रही है, बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे है। राज्य सरकार पीड़ति परिवारों के साथ है। बच्चों के बेहतर से बेहतर उपचार के लिए हर संभव सहायता दी जायेगी। इलाज में आया खर्च सरकार वहन करेगी।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



**सिंगोड़ी:** सिंगोड़ी ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने जिले में बच्चों की किटनी फेलियर से हुई आकस्मिक मौतों पर शोक व्यक्त करने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बस स्टैंड परिसर में आयोजित किया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर मृत बच्चों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । सभा में उपस्थित अथितियों ने श्रद्धांजलि के बाद अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों की मौत एक बड़ा नुकसान है और सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार मृत बच्चों के परिवारों को न्याय दिलाने के लिए उचित कदम उठाए।इस दौरान विधानसभा प्रभारी अजय मद पर्वेक्षक सेलू सिंगर आशीष जैन महेश धुर्वे बहिद मिस्किनी हाजी आसिफ विनोद सिंगोरे बलराम पटेल कृष्ण कुमार टेकरे गोविंद उइके सुनील पांडे केतन पटेल बाबू भाई मारिफ भाई वसीम भाई निलेश टेकरी सुनील चंद्रवंशी कृष्ण कुमार टेकरी हंस लाल परते सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सामिल थे।

### दवाई दुकानदारों ने दुकानें की बंद

**सिंगोड़ी:** जिला औषधि विक्रेता संघ के आव्हान में सिंगोड़ी औषधि विक्रेताओ ने भी अपनी दुकानें बंद कर दी है इस बंद से लोगो में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है।बताया जा रहा है की जिले के विभिन्य ब्लाको में जहरीले कफ सिरप के सेवन से मृत हुए मासूम बच्चों की मौत के बाद कुछ दवाई दुकानों पर हुई कार्रवाई से औषधि विक्रेता नाराज है जिसके विरोध में बंद रखा गया है। वही कई मरीज दवाइयों के लिए परेशान होते देखे गए।



### कांग्रेस ने षष्ठी माता मंदिर में किया सदबुद्धि यज्ञ फिर निकाला कैंडल मार्च

**छिन्दवाड़ा:-** भाजपा के भ्रष्टाचार से दवा जहर में तब्दील हो गई जिसने जिले के 21 मासूम बच्चों की जिदंगी छीन ली। एक-एक कर बेटे-बेटियों की जानें जाती रही और जिम्मेदार सोते रहे। कांग्रेस ने अनेकों बार जगाने का प्रयास किया फिर भी निष्ठुर सरकार नहीं जागी। जब जागी तब तक बहुत देर हो चुकी थी, क्योंकि कई माताओं की गोद सूनी हो चुकी थी। सरकार को सदबुद्धि देने व दिवंगत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित करने जिला मुख्यालय सहित समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर कैंडल मार्च निकाला गया। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने मासूम बच्चों के असमय निधन पर गहन दुख व्यक्त करते हुए इस दुखद घड़ी में दिवंगत बच्चों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने व परिवारजनों को संबल प्रदान करने हेतु कांग्रेस परिवार को साथ खड़े रहने कहा। जिला मुख्यालय पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सर्वप्रथम परासिया रोड स्थित षष्ठी माता मंदिर में सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस के समस्त विभाग, प्रकोष्ठ अनुसांगिक संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण सम्मिलित हुए। सभी ने माता रानी से प्रार्थना की कि मप्र की भाजपा सरकार को सदबुद्धि दें ताकि वह समय पर जनहितैषी निर्णय लें साथ ही जनता की सुरक्षा को लेकर गम्भीर रहें।

### कांग्रेस ने निकाला विनम्र श्रद्धांजलि कैंडल मार्च




**तामिया।** उपचार के दौरान डॉक्टर प्रवीण सोनी द्वारा गलत सिरप दिए जाने से हुई मासूमों की मौतो के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस के द्वारा तामिया में धरना दिया गया था। उसके बाद मौत के लगातार सिलसिले के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने हनुमान मंदिर से विनम्र श्रद्धांजलि कैंडल मार्च निकाला जिसमें सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी इस विनम्र श्रद्धांजलि कैंडल मार्च शामिल रहे।

### अवमानक औषधियों के उपयोग न किये जाने संबंधी एडवाइजरी जारी

खाद्य एवं औषधी प्रशासन छिंदवाड़ा औषधी निरीक्षक द्वारा सभी आमजन को सूचित किया गया है कि पूर्व में औषधी कोलड्रिफ सिरप, बैच नंबर.-**SR**-13 को अवमानक स्तर का घोषित किया गया था। जिसका क्रय एवं विक्रय पर पूर्व से ही प्रतिबंध लागू है। इसके अलावा अन्य 02 औषधी भी खाद्य एवं औषधी प्रशासन मध्यप्रदेश राज्य की औषधी जाँच प्रयोगशाला द्वारा इन औषधियों को अवमानक मिलावटी घोषित किया गया है। जिनका विवरण इस प्रकार है- **Relife Syrup Batch No.-LSL**25160 निर्माता **Shape Pharma pvt. Ltd. Shekhpur Gujrat** एवं **Respifresh TR Syrup Batch No.-R**01**G**12523 निर्माता **Rednex Pharmaceuticals pvt. Ltd. Bagodara Ahmedabad Gujrat.** खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल मध्यप्रदेश के द्वारा उक्त औषधियों के क्रय-विक्रय पर रोक लगाई गई हैं। साथ ही भारत सरकार लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नई दिल्ली द्वारा जारी एडवाईजरी 03 अक्टूबर 2025 के अनुसार सभी चिकित्सकों द्वारा 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सर्दी-खांसी के लिये आमतौर पर कोई भी सिरप उपयोग की सलाह नहीं दी जानी चाहिये । इस संबंध में खाद्य एवं औषधी प्रशासन छिंदवाड़ा के औषधी निरीक्षक द्वारा जिले के आम जनों को सूचित किया गया है कि उक्त औषधियों का उपयोग न करें एवं आपके द्वारा अगर यह औषधी क्रय की गई हो तो उसका उपयोग न किया जाये तथा इसकी जानकारी निकटतम सरकारी अस्पताल अथवा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला छिंदवाड़ा/कार्यालय उप संचालक खाद्य एवं औषधी प्रशासन छिंदवाड़ा को प्रदाय करें। सभी चिकित्कों, दवा विक्रेता एवं आमजन इस एडवाईजरी से सूचित हों एवं इसका पालन सुनिश्चित करें।

## नगर पालिका के नए एमआरएफ प्लांट का काम शुरू

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, नगरवासियों को मिलेगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका के एमआरएफ प्लांट, कचरा रिसाईकिल सेंटर को अपग्रेड किया जा रहा है। इसके लिए एक करोड 34 लाख की लागत से काम प्रारंभ किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने टीम के साथ गुरुवार को वार्ड क्रमांक एक में काम का निरीक्षण किया। छिंदवाडा सांसद विवेक बंटी साहू ने तीन सितंबर को इसका काम प्रारंभ किया था।सभापति नरेंद्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे। कचरा सेग्रिगेशन सेंटर एमआरएफ प्लांट को आधुनिक करने के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसके लिए पांच नई मशीने एमआरएफ प्लांट के लिए लाई गई है। इससे कचरा सेग्रिगेशन सेंटर आधुनिक हो जाएगा। भविष्य की जनसंख्या के अनुसार क्षमता बढेगी। नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया कि भविष्य के परासिया की जरूरतों के अनुरूप इसे बनाया जा रहा है। एमआरएफ प्लांट वार्ड क्रमांक एक में स्थित है। गीला सूखा कचरा पृथक करने की यहां सुविधा है।

शासन ने वर्ष 2026 की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर कचरा सेग्रिगेशन सेंटर को डेवलप करने के लिए डीपीआर मांगा था। नए डीपीआर के तहत एफआरएफ प्लांट को आधुनिक बनाया जाना है। इसके लिए पांच नई मशीने नगर पालिका ने बुलाई है। इसमें खाद बनाने की मशीन , गत्ते के गट्ठे बनाने की मशीन और अन्य मशीने है। इससे कचरे को बेचने के लिए नगर पालिका सक्षम हो जाएगी।

### वनविभाग पांढुर्ना - सीएफ, डीएफओ, एसडीओ एवं रेंजर सब दोहरे प्रभार में

**पांढुर्ना।** पांढुर्ना जिला बने दो वर्ष बीत गए है लेकिन अधिकांश शासकीय विभागों को अब भी दोहरे प्रभार का दंश झेलना पड रहा है। दोहरे प्रभार के चलते सर्वाधिक पीडित विभाग यहां का वनविभाग है। वन विभाग पांढुर्ना के लगभग सभी अधिकारियों को दोहरा प्रभार मिला है। वरिष्ठ अधिकारी दोहरे प्रभार में होने के कारण कामों पर पूरा पूरा फोकस नहीं कर पा रहे है। हास्यास्पद बात तो यह है कि पांढुर्ना अनुभाग में एसडीओ वनविभाग पदस्थ नहीं है तो इसका प्रभार सौंसर वनविभाग के एसडीओ को दिया जाना उचित है। लेकिन वनविभाग को ना जाने क्या सूझी कि पांढुर्ना एसडीओ का अतिरिक्त प्रभार छिंदवाडा के एसडीओ को दे दिया गया है। इसके अलावा यहां के डीएफओ का प्रभार भी छिंदवाडा डीएफओ को दिया गया है। साथ ही पांढुर्ना जिले के सीएफ का प्रभार भी छिंदवाडा के सीएफ को दिया गया है। यहां के रेंजर को भी पांढुर्ना और अंबाडा रेंज का दोहरा प्रभार वहन करना पड रहा है। इस प्रकार पांढुर्ना जिले का पूरा वनविभाग दोहरे प्रभार में चल रहा है।




### सन्तों की कृपा से भारत विश्वगुरु अभियान की ओर अग्रसर : साहू

**छिंदवाड़ा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कूटनीतिक प्रयासों के कारण भारत जल्द ही संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनेगा । यह कहना है - राजनीतिक विश्लेषक एव सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू का। जिन्होंने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह देश के लिए गर्व की बात है । पूरे विश्व में आज भारत का डंका बज रहा है । गत दिवस न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थायी सदस्य के लिए मतदान हुआ जिसमें लगभग 194 देशों ने भाग लिया । जिसमें से 146 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया । अमेरिका ,रूस ,फ्रांस ,ब्रिटेन , चीन के साथ भारत भी अब स्थाई सदस्य होगा । श्री साहू ने इसके पीछे की वजह बताई की, यह संतो का आशिर्वाद है... परम पूज्य संत श्री आशाराम जी बापू ने 40 वर्ष पूर्व यह संकल्प चलाया था कि ₹भारत विश्व गुरु बनेगा ₹ और इसके लिए उन्होंने बहुत लंबा प्रयास किया । देश में 44 करोड़ साधको की फ़ौज ,550 आश्रम , 18 हजार बाल संस्कार केंद्र , सैकड़ों गुरुकुल , विश्व के 167 देशो में मातृ - पितृ पूजन दिवस , तुलसी पूजन दिवस , विश्व के 10 मिलियन से अधिक लोगो द्वारा ऋषि प्रसाद साहित्य का पठन , पूरे विश्व मे आध्यात्मिक क्रांति लाना ऐसे अनगिनत सेवा कार्य हैं । पूज्य बापूजी के सत्संग कार्यक्रम में बहुत से राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और राज्यपालो का आना जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद मोदी , राजनाथ सिंह , नितिन गडकरी जैसे केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं । तुलनात्मक अध्ययन से देखें तो ज्ञात होता है कि इस वर्ष महाकुंभ में लगभग 64 करोड़ लोगों ने गंगा स्नान किया वहीं उनके साधकों ने 14 फरवरी को 71 करोड़ से अधिक माता पिता का पूजन करवाया।

### अमरवाड़ा के बिनेकी में आयोजित 23 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए जनप्रतिनिधिगण

## 942 ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ, 352 लोगों का हुआ सिकलसेल परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य के तहत लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला के तहत अमरवाड़ाक के ग्राम बिनेकी में आयोजित 23 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण शामिल हुये। स्वास्थ्य शिविर में 942 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर में 352 महिला और पूरूषों के सिकलसेल बिमारी का परीक्षण किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा नेता नितिन तिवारी थे। विकासखंड अमरवाड़ा के ग्राम बिनेकी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भाजपा नेता नितिन तिवारी के मुख्य आतिथ्य, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी की अध्यक्षता में किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्राम बिनेकी सहित आसपास के ग्रामीणों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परीक्षण करवाकर अपना उपचार कराया। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए भाजपा नेता नितिन तिवारी एवं आरिफ शाह ने मध्यप्रदेश शासन एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रत्येक व्यक्ति से आयुष्मान भारत योजना का कार्ड बनवाकर निःशुल्क उपचार का लाभ लेने की अपील की।

### कॉलेज में तीन दिवसीय युवा उत्सव का भव्य शुभारंभ

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय, दमुआ में आज तीन दिवसीय युवा उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मुख्य आतिथ्य एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है, अतः उन्हें अपनी प्रतिभा, ऊर्जा और सृजनशीलता को समाज के कल्याण में लगाना चाहिए।उत्सव के प्रथम दिन रंगोली, पोस्टर निर्माण 'स्वच्छता ही सेवा' स्पॉट पेंटिंग 'छिंदवाड़ा के दर्शनीय स्थल', कार्टूनिंग ,एक दिन पूर्व के पेपर की कार्टूनिंग', कोलॉज 'ऑपरेशन सिंदूर' क्ले मॉडलिंग 'सरदार वल्लभभाई पटेल' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम प्रभारी राजकुमार कुशवाह एव महाविद्यालय स्टाफ डॉ विमल कुमार कौशले डॉ दिलीप ढोबाले डॉ पुष्पा मौर्य डॉ सरिता पाल जितेंद्र दिवाकर सुषमा टांडेकर घनश्याम मालवीय राजेश कुमार भाटिया कंचन चंद्रवंशी इंद्रा पाटिल वैभव पाटिल दिनेश इबनाती महेश कुमार भारती मोरेश्वर कराड़े सुखमन भारती ढोंढू तेकाम राम राज और बहु संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## तामिया से लेकर श्रीझोत घटलिंगा के जंगल तक पैर पसार रही है बीमारी

# साल बोरर कीड़ों से दोबारा सरई के जंगल पर वन विभाग की लापरवाही से अस्तित्व का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिय रेंज की मुख्यालय बीट मैअवैध कटाई गठन के समय से भारी भरकम अमला तैनात होने के बाद भी जंगल कटाई होना यहां पर आम बात है! लेकिन पिछले 5 वर्षों से इसी जंगल में सरई के पेड़ जो प्रकृति ने प्रदत किए हैं!उन पर दोहरी मार पड़ रही है! पिछली गर्मी में यहां आग लगने की घटनाएं जमकर हुई और बहुत बड़ा भूभाग जंगल का इसकी चपेट आ चुका है! लेकिन वन विभाग को कोई असर नहीं पड़ा जबकी वर्तमान हरे भरे सरईके पेड़ कटते से चले आ रहे हैं।

इस जंगल के किसी भी 100 मीटर क्षेत्र में देखा जा सकता है! जबकि यहां पर सघन वन करने के लिए कैंपा मद से हजारों पौधे रोपे गए थे! लेकिन उंगलियों पर गिनने लायक नहीं बच पाए? तो समझा जा सकता है! कि वरिष्ठ अधिकारी जंगल का कितना भ्रमण करते हैं!लेकिन इस जंगल का दुर्भाग्य ही कहा जाए।

इस जंगल को दोबारा साल सालबोरर कीड़ों की बीमारी का सामना करना पड़ रहा है! कि पिछले वर्ष हरीभूमि ने लगातार इस आशय के समाचार प्रकाशित किए थे! तब कहीं वा मुश्किल वन विभाग ने सर्वे कराया और 100 से अधिक पेड़ बीमार पाए जाने की दशा में कटवाए गए थे? उसमें भी इनकी चूक के कारण 108 नंबर का पेड़ काटना भूल गये जो आज भी सलामत सूख खड़ा है।

लेकिन वल्चर पॉइंट/ चौरा पठार पगडंडी के आजू-बाजू से लंबे क्षेत्रफल में साल बोरर कीड़े दोबारा लग गए हैं! जिससे यह साल के पेड़ सूखने लगे हैं! ऐसे पेड़ों की संख्या दर्जनों छोटे से रकबे में देखी जा सकती है! तामिया से लेकर श्री झोत घटलिंगा तक फैले जंगल में इनकी तादाद क्या होगी? समझा जा सकता है! यह बीमारी अब महामारी का रूप ले चुकी है! की साल के पेड़ इन कीड़ों के कारण सूखने लगे हैं!और यह बीमारी अन्य पेड़ो में तेजी से फैल रही है! इतनी गंभीर बीमारी फैलने के बाद रेंजर सहित चौकीदार की की कार्य प्रणाली एवं समय-समय पर बीट निरीक्षण करने वाले भी इस फैल रही बीमारी के लिए कम जिम्मेदार नहीं है!क्योंकि यदि होते तो इतनी ज्यादा तादाद में फैल रही बीमारी पर अंकुश लगाने प्रयास किए जाते? और उत्पादन विभाग को उनकी सूची भेज कर कटाई के लिए चिह्नित करते! लेकिन इस जंगल का दुर्भाग्य ही कहा जाए की वर्तमान में यह जंगल फैल रही बीमारी के कारण पहचान खोने की कगार पर आ गया है।

महामारी का रूप ले रही यह बीमारी से अन्य पेड़ों को नहीं बचाया गया? तो साल के पेड़ के कारण जो प्राकृतिक सुंदरता है!वह कुछ वर्षों में समाप्त हो जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी? अब जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को शायद मैदान में उतरना पड़ेगा? क्योंकि यहां का मैदानी अमला काम नहीं करता या फिर वह जंगल बचाने में रुचि नहीं रखता जबकि वन संवर्धन के लिए शासन कई योजना चला कर वृक्षारोपण कर रही है!लेकिन तामिया रेंज का दुर्भाग्य है! कि यहां पर प्रकृति के द्वारा दिए पेड़ भी तामिया का वन अमला नहीं बचा पा रहा है! जो पर्यावरण के लिए दुखद विषय से कम नहीं है।

## खनिज निरीक्षक ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए बेलगांव के ट्रैक्टर को चोरी की रेत ले जाते पकड़ा

**तामिया।** तामिया तहसील की दौरिया खेड़ा,कुर्सी ढाना, देलाखारी, बागई, सहित अन्य जगह रेत काअवैध उत्खनन परिवहन प्रशासन की मिली भगत होता चला आ रहा है! रेत चोरी का आलम यह है! कि एनजीटी की रोक समाप्त होने के बीच में एक भी रेत का वाहन नहीं पकड़ा जाने पर खनिज निरीक्षक तहसील दार की कार्यप्रणाली पर हमेशा सवाल उठते रहे है! रेत चोरी पकड़ने रात में गश्ती तो करते हैं! लेकिन उनके हाथ अक्सर खाली ही रहते हैं! कारण जो भी हो पुलिस विभाग भी इन रेत चोरी करने वाले वाहनों पर कभी चालानी कार्रवाई नहीं करता? उस पर भी सवाल उठना लाजिमी है! क्योंकि रेत चोरी में जो वाहन लगे है! यदि उनकी जांच की जाती तो बीमा फिटनेस चालक का लाइसेंस की कमी जरूर नजर आती? लेकिन कभी ऐसी पुलिसी कार्रवाई ना तो देलाखारी ना. तामिया पुलिस द्वारा आज तक देखने सुनने नहीं मिली? वहीं कृषि में लगे ट्रैक्टर भी रेत चोरी करने दर्जनों लगे हुए हैं!वहीं कोयलांचल के रेत चोर वेखौफ तरीके से कृषि उपयोग में आने वाले ट्रैक्टरों में ओवरलोड रेत खुले आम लेकर निकलते हैं! ऐसा इसलिए हो पा रहा! अधिकारी रेत चोरी करने वालों के आघोषित संरक्षण दाता बने हुए? जबकि लाखों रुपए की राजस्व की हानी रेत चोरी से होती चली आ रही है! इन्हीं अधिकारियों के मिले संरक्षण के चलते रेत चोरो के बुलंद हौसले इतने हो चुके हैं!कि ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर ये मरने मारने को उतारू हो जाते हैं!जिसकी वानगी पिछले दिनों कुर्सी ढाना एवं फांसीढाना मै रेत चोरों एवं ग्रामीणों.मै जमकर विवाद की स्थिति तक निर्मित हो चुकी? लेकिन कोई कार्यवाही एवं शिकायत नहीं होना भी चर्चा का विषय बना हुआ है! लेकिन इसी सब के बीच बीती रात बेलगांव का ट्रैक्टर जो चोरी की रेत लेने तामिया क्षेत्र में वेखौफ प्रशासन के दम पर आ रहा था?उसे तामिय क्षेत्र की खनिज निरीक्षक ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए चोरी की रेत ले जाते हुए ओवरलोड ट्रैक्टर को पकड़ा! चालक से रॉयल्टी संबंधी कागजात मांगने पर नहीं दिखला सका! तो खनिज निरीक्षक ने उस पर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज थाना अभि रक्षा में खड़ा करवाया? इससे स्वयं सिद्ध हो गया? कि तामिया में रेत चोरी प्रशासन की मिली भगत हो रही है!

### रेत चोरी में लगे ट्रैक्टर एवं ट्रक टिप्पर पर क्यों नहीं होती चालानी कार्रवाई



## फिल्म अभिनेत्री दीपिका सौंसर बोरगांव पहुंचकर ग्रामीणों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

गुरुवार को बोरगांव सौसर में कई फिल्मों की अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का अचानक आगमन हुआ है। पूर्व से कोई सूचना नहीं होने के चलते कई लोगों के द्वारा दीपिका पादुकोण के आगमन को लेकर असमंजसता जताई थी।परंतु सोशल मीडिया पर बोरगांव सौसर के आए वीडियो के बाद में दीपिका पादुकोण के आगमन की पुष्टि की गई। मिली जानकारी के अनुसार फ़ल्मि अभिनेत्री और द लिव लव लाफ फाउंडेशन की संस्थापक दीपिका पादुकोण ने सौसर बोरगांव में पहुंचकर ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान द्वारा संचालित सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को देखा है। इस दौरान द लिव लव लाफ फाउंडेशन की सीईओ अनिशा पादुकोण ,ट्रस्टी डॉ श्याम भट, श्यामराव धवले, विजय धवले, आदि थे। फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने बोरगांव में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे दो व्यक्तियों और उनके परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने उनके अनुभवों, चुनौतियों और संस्था से मिले सहयोग को प्रत्यक्ष रूप से जाना।

## आशा कार्यकर्ता ने मानेदय भुगतान के लिए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सुरेश नागवंशी को सौंपा ज्ञापन

**जुन्नारदेव।** आशा कार्यकर्ता एंव आशा सुपरवाइजरो ने मानेदय भुगतान के लिए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सुरेश नागवंशी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया कि बीते 03 माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। रक्षा बंधन का त्यौहार से लेकर दीपवली का त्यौहार आ गया लेकिन आज तक आशा कार्यकर्ताओ और आशा सुपरवाइजरो को मानदेय का भुगतान नहीं किये जाने के कारण आशा को आर्थिक तंगी का सामना करना पढ़ रहा है। यह सभी शासकीयसामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जुन्नारदेव के अन्तगंत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता एंव आशा सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। आशा कार्यकर्ताओं में बताया कि हम सभी के द्वारा पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ अपना काम किया जा रहा है। इसके बाद भी हमारे पारिश्रमिक से कटौती कर हमारा आर्थिक शोषण किया जा रहा है। हमें नियमानुसार मानदेय का समय पर भुगतान किया जाए। ताकि हम अपने परिवार का भरण पोषण सुगमता के साथ कर सके। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष बबली आमरवंशी सचिव किरन खातकर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## नींद में आबकारी विभाग, गांवों में बिक रही खुलेआम अवैध शराब

**सौंसर।** नगर की शासकीय शराब दुकान से बड़े पैमाने पर से गांवों में पहुचाकर चौक चौराहा गली कुचीयों में अवैध रूप से रात दिन शराब की बिक्री की जा रही है।ग्रामीणों के द्वारा सौसर पांढुर्णा आबकारी अधिकारियों को गावो में अवैध रूप से खुलेआम बेची जा रही शराब के बारे में बार-बार जानकारी और सूचना देने के बाद भी अधिकारियों के द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके चलते शराब ठेकेदार के हौसले बुलंद हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रही अवैध रूप से शराब को लेकर युवा अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष गुलशन गजभिये द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौसर को ज्ञापन सौंपकर सौसर शराब दुकान से ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही शराब और ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रही शराब पर तत्काल कार्रवाही करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया हैं कि सौसर नगर के मोहगाव मार्ग ओर लोधिखेड़ा की शासकीयशराब दुकान से दिनदहाड़े ग्राम वैरागड,सवरनी,भिलापार, भिदोनी,रंगारी ठोका,मेंहदी मोगरा,घोटी एवं अन्य ग्रामों में प्रतिदिन शराब पहुंचाई जा रही हैं।

## यात्रियों की सुविधाओं पर विस्तार की चर्चा



**छिंदवाड़ा।** सांसद प्रतिनिधि जेड आर यू सी सी मेम्बर सत्येन्द्र ठाकुर ने बताया कि आज रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार छिन्दवाड़ा मॉडल रेलवे स्टेशन में अमृत संवाद हुआ जिसमे नागपुर मंडल से ए सी एम अरविंद कुमार साव जी,जेड आर यू सी सी मेम्बर सत्येन्द्र ठाकुर ,ए डी ई एन ने यात्रियों से संवाद किया और यात्री सुविधाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की और यात्रियों से यात्री हित में सुझाव आमंत्रित किए गए इसमें यात्रियों में मुख्य रूप से पेंचवेली ट्रेन में जनरल स्लीपर,महिला कोच 2 व 3 **AC** कोच बढ़ाने व रेलवे स्टेशन में सर्कुलिंग एरिया में ऑटो के जाम,शौचालय संबंधित सुविधाओं के संबंध मे समस्याओं से अवगत कराया और उनके निराकरण के सुझाव भी दिए श्री साव व सांसद प्रतिनिधि जेड आर यू सी सी मेम्बर सत्येन्द्र ठाकुर ने यात्रियों को आश्वस्त किया और यात्रियों को बताया कि जल्द ही यात्रियों को इन समस्याओं से निजात मिल जाएगी इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक हेमराज मीणा,सी आई सुजीत कुमार,आशीष अलड़क ,मुकुल सोनी उपस्थित रहे।

## बौद्ध समाज ने किया सौंसर में विरोध प्रदर्शन



**सौंसर।** गुरुवार को बौद्ध समाज की ओर सेदिल्ली सुप्रीम कोर्ट मैं सीजेआई भूषणजी गवई के साथ मे हुई घटना के विरोध में रैली निकालकर आक्रोश व्यक्त करते हुए भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा है। नायब तहसीलदार अशोक अडमें को सोपे ज्ञापन में भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रभान बागड़े,समता सैनिक दल जेओसीबाबारावजी चारे, मुरलीधर कामले, बौध्द नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुकेश बागड़े ने बताया कि संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा स्थापित भारतीय बौद्ध महासभा तथा बाबसाहेब आम्बेडकरजी को मानने वाली विभिन्न संगठनो के द्वारा भारत के सीजेआई भूषणजी गवई के साथ में हुई घटना का कड़ा विरोध करते हुए आरोपीएड राकेश किशोर पर कठोर कार्रवाही की माग करते है।एड राकेश किशोर द्वारा जूता फेंकने की घटना केवल किसी व्यक्ति का क्षणिक आक्रोश नहीं है यह हमारे संविधान की मूल भावना समता, न्याय, भाईचारा तथा स्वतंत्रता पर किया गया प्रतिकात्मक प्रहार है। सनातन का अपमानः का नारा मात्र धार्मिक आक्रोश नही, बल्की उस जातीय अहंकार की प्रतिक्रिया है,यह जूता न्यायमूर्ति को नही लगा, यह अनुसूचित जाति, जनजाती पिछडा वर्ग, शोषित समाज पर लगा है। यह समूचे बहुजन समाज और न्यायपालिका का अपमान है।

## सांसद खेल महोत्सव से पटाखा बाजार में लगा ग्रहण

# पटाखा व्यापारियों ने नगर परिषद में सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** 20 अक्टूबर से पांच दिवसीय दीपों के पर्व दीपावली की शुरुआत हो रही है. 20 अक्टूबर को धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हर हिंदू घर में धन की देवी माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जाएगी और 21 अक्टूबर को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा. इस त्यौहार पर जहां हर घर में दीपक जलाए जाने की धार्मिक परंपरा है. वहीं अंधकार पर प्रकाश की विजय के प्रतीक के तौर पर जमकर पटाखे फोड़कर आतिशबाजी करना भी अब रिवाज बन चुका है. कटंगी क्षेत्र में करीब एक करोड रुपए से भी अधिक का पटाखा व्यवसाय होता है. नगर के सरकारी अस्पताल मैदान में पटाखा बाजार लगता है लेकिन इस वर्ष शहर के पटाखा व्यवसाय पर सांसद खेल महोत्सव की कबड्डी प्रतियोगिता खलल पैदा कर रही है. जिससे फटाका व्यापारी काफी परेशान है. दरअसल, फटाका व्यापारी आगामी 15 अक्टूबर से सरकारी अस्पताल मैदान में अपनी दुकान शुरु करने की तैयारी में थे अब उसी मैदान में 15 अक्टूबर को विधानसभा स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन तय कर दिया गया है. पहले यह प्रतियोगिता 13 अक्टूबर को संपन्न हो रही थी लेकिन अचानक से तिथि में संशोधन कर दिया गया है जिससे पटाखा व्यापारियों में बेहद आक्रोश दिखाई दे रहा है. आक्रोशित व्यापारियों ने बुधवार को दोपहर 03 बजे नगर परिषद कार्यालय में एक ज्ञापन सौंप कर प्रतियोगिता स्थल में परिवर्तन करने की मांग रखी है. पटाखा व्यापारी पहले एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे लेकिन कार्यालय में एसडीएम नहीं थे. जिसके बाद सभी व्यापारी नगर परिषद कार्यालय पहुंचे यहां भी सीएमओ नहीं थे तब व्यापारियों ने लेखापाल को ज्ञापन सौंपा. इस दौरान पटाखा व्यापारियों की समस्या को देखते हुए नगर के पत्रकार ने इस विषय को सांसद श्रीमती भारती पारधी के संज्ञान में लाने के लिए उनसे संपर्क किया. सांसद के पीए चन्द्रशेखर गौतम ने बेहद बेतूका जवाब देते हुए कहा मत मनाईए दीपावली फटाखे फोड़ने से प्रदूषण फैलता है।

गौरतलब हो कि सरकारी अस्पताल कटंगी में करीब छोटे-बड़े करीब 70 से अधिक फटाखा दुकानें संचालित होती है. 20 अक्टूबर से दीपावली का त्यौहार शुरू होने वाला है इस बात को ध्यान में रखते हुए पटाखा व्यापारी 05 दिन पहले से दुकान शुरू करने की तैयारी में थे लेकिन जब से उन्हें पता चला है कि 15 अक्टूबर को सरकारी अस्पताल मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता होना है सभी हताश हो गए है. सांसद भारती पारधी के पीए के जवाब के बाद व्यापारियों के भीतर आक्रोश भी है लेकिन सत्ता-सरकार होने की वजह व्यापारी खुलकर संसद खेल महोत्सव के आयोजन का विरोध भी नहीं कर पा रहे है. हालांकि प्रतियोगिता के स्थल में परिवर्तन नहीं होने पर विरोध करने का दंभ जरूर भरा गया है. लेकिन रोजी-रोटी के लिए संघर्ष करने वाले दुकानदार विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते. खासतौर से तब जब पटाखा का व्यवसाय करना है. खैर, इन व्यापारियों की समस्या पर सांसद ध्यान देती है या नहीं यह तो वक्त ही बताएगा लेकिन अभी तो व्यापारी सदमे में है।

## मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से हुई चर्चा बहुत जल्द वारासिवनी आएंगे नए चिकित्सक-विवेक पटेल

# 25 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले नवीन भवन का विधायक पटेल ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** लगभग 25 करोड़ की लागत से बनने वाला 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का कार्य प्रारम्भ हो चुका हैं। नवीन भवन बनने के बाद वर्षों पुरानी माँग अब शीघ्र ही पूरी हो जाएंगी गुरुवार को वारासिवनी -खैरलाँजी क्षेत्र विधायक विवेक विक्की पटेल ने एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल और ठेकेदार के साथ बाद निर्माणाधीन नवीन सिविल अस्पताल का मुआवना किया। विदित हो कि वर्तमान में वारासिवनी सिविल अस्पताल मात्र 49 बिस्तरों का हैं, जहाँ पर वारासिवनी-खैरलांजी के करीब 120 से अधिक गाँवो के मरीज इलाज के लिए आने के साथ ही भर्ती भी होते हैं। लेकिन यहाँ पर मरीजों की तादाद में बिस्तरों की सँख्या कम होने के चलते मरीजों को अधिक दूरी तय कर जिला अस्पताल में भर्ती होने जाना पड़ता हैं। इस समस्या को देखते हुए लंबे समय से वारासिवनी-खैरलांजी के इस सबसे बड़े अस्पताल को 100 बिस्तर का किए जाने की माँग लोंगों द्वारा की जा रही थी। जिस पर प्रदेश सरकार ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए 100 बिस्तरों के अस्पताल निर्माण के लिए लगभग 25 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की हैं। जिसके बाद गुरुवार को एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, बीएमओ डॉक्टर सत्यम शर्मा, ठेकेदार अनूप शर्मा ने निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान अनिल पिपरेवार,विवेक जुझार, राजकुमार चौधरी,उपेंद्र बिसेन, अनीश बैग,रितिक गौतम,संदेश बिसेन, उज्ज्वल गौतम सहित प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहें।

मरीजों को किसी भी प्रकार से इलाज करवाने में परेशानियों का सामना ना करना पड़े इसलिए विधायक विवेक विक्की पटेल और एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिया हैं कि आपको समय के पूर्व नवीन भवन निर्माण पूर्ण करना हैं, जल्दबाजी के कारण निर्माण कार्य घटिया ना हो, इसका भी ठेकेदार ध्यान रखे,वृक्ष की अनावश्यक कटाई ना करे,किसी भी प्रकार की समस्या आने पर समाधान करवाने की बात कहीं गई।

**हमारा पहला प्रयास जल्द से जल्द चिकित्सक को लाना:** विधायक पटेल ने कहा कि उनका प्रयास हैं कि इस अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और माहौल मिले, जिसके लिए वे लगातर प्रयासरत हैं।अस्पताल में लंबे समय से डॉक्टरों की कमी के सवाल पर विधायक विवेक पटेल ने कहा कि वारासिवनी का सिविल अस्पताल क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल हैं। जहाँ पर एक सैकड़ा से अधिक गाँव के लोग इलाज कराने आते हैं, लेकिन डॉक्टरों की कमी की वजह से मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता हैं। हमारा प्रयास हैं कि यहाँ पर पर्याप्त डॉक्टरों की पदस्थापना हो, इसके लिए हमने मुख्यमंत्री जी से चर्चा कर उन्हें इस बात से अवगत भी कराया हैं, जिस पर उन्होंने पर्याप्त डॉक्टरों की शीघ्र नियुक्ति का आश्वासन दिया हैं। वही अभी नवीन भवन बनने के कारण के चिकित्सको को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं, ठेकेदार ने हमें आश्वस्त किया हैं कि समय के पूर्व नवीन भवन बनकर तैयार हो जाएगा।

## पूर्व विधायक ने केंद्र सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की मांग की

# सीजेआई पर हमले को लेकर किशोर समरीते ने दिल्ली पुलिस की विवेचना पर उठाए सवाल



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी किरनापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने हाल ही में सीजेआई बी.आर. गवई पर वकील द्वारा हमला किये जाने की निंदा की है और इस मामले में अपने जारी बयान में कहा की सीजेआई बी.आर. गवई पर हमला करने वाले 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर पर दिल्ली पुलिस की विवेचना सवालों के घेरे में है जबकि इस मामले को केंद्र सरकार को सीबीआई और एनआईए को देना चाहिए। भारत के सर्वोच्च न्यायाधीश को केंद्र सरकार के निर्देश पर पिछले 6 माह से ट्रोल किया जा रहा है। एक दौर था कि भारत में न्यायालय का सर्वाधिक सम्मान था लेकिन सोशल मीडिया आने के बाद से न्यायालय को भी लगातार ट्रोल किया जाने लगा है, दिल्ली पुलिस की विवेचना राकेश किशोर के मामले में सवालों के घेरे में है। मुख्य न्यायाधीश की कोर्ट में सारे सीसीटीवी फु टेज रहते हुए सारे तथ्यों को दिल्ली पुलिस ने विवेचना में नकार दिया है। इस मामले में कम से कम हेट स्पीच का मामला तो बनता ही है जिसमें आरोपी की कम से कम तीन माह जमानत नहीं हो सकती है। यूएपीए कानून का भी वायलेशन किया गया लेकिन सीजेआई पर हमले में दिल्ली पुलिस द्वारा एफआईआर तक नहीं किया जाना गंभीर पक्षपात का विषय है । श्री समरीते ने कहा दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय में जनता की 71 सूत्रीय मांगों को लेकर साधारण से पटाखे भेजने पर जिसका कोई एविडेंस भी नहीं मिला मुझे 92 दिनों तक तिहाड़ जेल में बंद रखा गया, यह दोहरी कानून व्यवस्था देश में चल रही है जहां देश का सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश सुरक्षित नहीं है। हमलावर वकील की ना तो वकालत चलती है और ना ही वह जिस कॉलोनी में रहता है वहां उसका कोई समर्थक है। वही हमले के दो दिन बाद यह कहना कि सीजेआई ने मॉरीशस से भारत में चल रही बुलडोजर से न्याय करने की पद्धति की आलोचना की थी जिससे हमलावर वकील दुखी था, तो क्या भारत के सारे न्यायालय बंद कर दिए जाएं और पूरे देश में बुलडोजर और बंदूक से न्याय होना चाहिए? तीसरी बात छतरपुर खजुराहो मंदिर में खंडित विष्णु की प्रतिमा के लिए लगाई गई जनहित याचिका सीजेआई द्वारा खारिज कर दी गई थी। अब इसमें महत्वपूर्ण बात यह है की खंडित विष्णु की प्रतिमा एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) की भूमि पर स्थित है जो भारत सरकार की है। लंबे समय तक भारत सरकार में प्रहलाद पटेल केंद्रीय मंत्री रहे, उनके पास पुरातत्व सर्वेक्षण था और अभी मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.डी. शर्मा खजुराहो से सांसद हैं तथा विष्णु मंदिर में विष्णु की खंडित मूर्ति का जीर्णोद्धार सरकार ने क्यों नहीं कराया। मध्यप्रदेश सरकार ने याचिका का विरोध क्यों किया और सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली में मुख्य न्यायाधीश के समक्ष याचिका का भारत सरकार ने विरोध क्यों किया? बिना किसी तथ्य को देखे सीजेआई के खिलाफ इस तरह का कृत्य हमलावर वकील द्वारा किया जाना, इससे स्पष्ट है कि वकील को सीजेआई पर हमला करने की सुपारी दी गई थी और इस वकील को इसलिए चुना गया क्योंकि इसकी वकालत नहीं चलती थी और इसका दिमागी संतुलन भी ठीक नहीं है और घरेलू समस्याओं से घिरा हुआ है। इसका जो वकालत का लाइसेंस है उससे सुप्रीम कोर्ट के अंदर प्रवेश आसान था जिसके लाइसेंस से एंट्री पास बनाकर इसे सीजेआई के कक्ष तक पहुंचाया गया। यह मामला इसी तरह है जिस तरह संसद भवन के हमले में सांसदों के नाम पर वहां का पास बनाकर संसद भवन पर हमला किया गया सरकार को इस पूरे मामले में श्वेत पत्र जारी करना चाहिए और हमलावर वकील के पीछे कौन लोग हैं उसे सामने लाना चाहिए।

## लांजी पुलिस की अवैध रेत परिवहनकर्ता के खिलाफ बड़ी कार्यवाही, ट्रेक्टर-ट्राली सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज लांजी।





लांजी पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से ट्रेक्टर-ट्राली सहित अवैध रेत जब्त की है। यह कार्यवाही बालाघाट पुलिस अधीक्षक दित्य मिश्रा के निर्देश पर की गई है, जो जिले में अवैध गतिविधियों और अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

दिनाँक 8 सितंबर को लांजी पुलिस को अवैध रेत परिवहन संबंधी सूचना मिली थी। सूचना की तस्दीक करने के लिए पुलिस टीम ग्राम सिंगोला के पास मिरिया रोड पर तैनात थी। तभी एक ट्रेक्टर आता दिखा, जिसे पुलिस ने रोका। ट्रेक्टर चालक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। ट्राली की जांच करने पर उसमें खनिज (रेत) भरा पाया गया।

चालक से रेत परिवहन के वैध दस्तावेज पूछने पर उसने बताया कि उसके पास कोई दस्तावेज नहीं हैं। चालक की पहचान गिरधर मेश्राम पिता तुकाराम मेश्राम जाति ढीमर उम्र 23 साल निवासी बडगाँव थाना बहेला के रूप में हुई। चालक के खिलाफ धारा 303 (२) बीएनएस एवं धारा 4/21 खानन एवं खनिज (विकास का विनियमन अधिनियम 1957) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

पुलिस ने ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 50 - AA- 4572 और ट्राली मय अवैध खनिज (रेत) को जप्त कर अपने कब्जे में लिया है। आरोपी गिरधर मेश्राम पर धारा 236/2025 303(2) BNS 4/21 के तहत मामला पंजीबद किया गया है।

इस कार्यवाही में थाना लांजी से थाना प्रभारी उनि दीप सिंह परमार, सउनि परमानंद भगत, आर दिलीप यादव, आर चेतन सोनी एवं आर आशुतोष सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की यह कार्यवाही अवैध रेत परिवहन के खिलाफ एक बड़ा कदम है और आगे भी ऐसी कार्यवाहियां जारी रहने की संभावना है।

**खबर संक्षेप**

## जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 15 अक्टूबर को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी तथा शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं और युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जा रहा है यह मेला दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक शासकीय आईटीआई परिसर बायपास चौक बरघाट रोड सिवनी में आयोजित होगा आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी नियोजक कंपनियों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर आदि पदों के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा साथ ही स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को ऋण वितरण प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।रोजगार पंजीयन, अंकसूची तथा दो पासपोर्ट आकार की फोटो लेकर उपस्थित हों इस मेले हेतु किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## संयुक्त दल द्वारा लगातार किया जा रहा दवाई दुकानों का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुपालन में कफ सिरप के उपयोग से बच्चों में गंभीर दुष्प्रभाव की आशंका को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में गठित संयुक्त जांच दल सक्रिय रहकर सतत रूप से दवा दुकानों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान औषधि भंडारों का अवलोकन कर संदिग्ध दवाओं की जांच की जा रही है साथ ही दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं।

# जंगल सत्याग्रह के शहीदों की स्मृति में आयोजित हुआ शहीद मेला





हरिभूमि न्यूज सिवनी।

09 अक्टूबर 1930 को हुए जंगल सत्याग्रह में अपने प्राणों की आहुति देने वाले आदिवासी शहीद श्रीमती रेनों बाई, श्रीमती मुड्डे बाई, श्रीमती देभो बाई एवं बिरजू भोई की स्मृति में गुरुवार को कुरई विकासखंड के ग्राम टुरिया में शहीद मेले का आयोजन किया गया।

यह आयोजन मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार प्रतिवर्ष इसी तिथि को आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक बरघाट कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, जनपद अध्यक्ष कुरई श्री लोचन सिंह मर्सकोले, जनपद उपाध्यक्ष श्री हरदीपसिंह भाटिया, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों एवं अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके उपरांत शहीदों के परिजनों तथा मांझी सेना के सदस्यों को साल, श्रीफल एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। सांसद श्रीमती भारती पारधी ने अपने संबोधन में कहा कि जंगल सत्याग्रह के दौरान इन शहीदों ने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हमें उनके बलिदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए और आदिवासी समाज के गौरव को आगे बढ़ाना चाहिए।

विधायक श्री कमल मर्सकोले ने कहा कि शहीदों का यह बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि आज के समाज के लिए मार्गदर्शन

विधायक श्री कमल मर्सकोले ने कहा कि शहीदों का यह बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि आज के समाज के लिए मार्गदर्शन है। राज्य सरकार आदिवासी समाज के उत्थान और शहीदों की स्मृतियों को संरक्षित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक संगठनों की भी सक्रिय भागीदारी रही। उपस्थित जनसमुदाय ने शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# ट्रेक्टर अड़ाकर रास्ता रोका, घातक हथियार तलवार से हमला कर युवक का सिर फोड़ा

## दो महिला गिरफ्तार, तीन आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र के गांव बम्होड़ी में अपराधिक प्रवृत्ति के लोगो ने एक राय होकर रॉड लॉठी और तलवार से युवक पर हमला कर दिया। घातक वार से युवक का सिर फट गया है। यहां तक बीच बचाव करने वाले अन्य युवकों गंभीर चोटें आई है। घायलो को नाजुक हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लखनादौन उपचार के लिए पहुंचाया गया। चिकित्सक ने जांच उपरांत युवको को जबलपुर रेफर कर दिया।

पुलिस ने आरोपी नितेश यादव पिता भोपाल यादव ,भोपाल यादव पिता उमेद सिंह, कैलाश पिता शिवकुमार यादव, जमना पति भोपाल यादव,बिट्टू पति नितेश यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 296,115(2), 109, 351(2),3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रकरण में पुलिस ने आरोपी दो महिलाओ को गिरफ्तार कर चुकी है। तीन आरोपी फरार है। जिनकी तलाश की जा रही है। बताया गया है कि बम्होड़ी निवासी नितेश पिता टीएस यादव अपने बड़े भाई निरंजन यादव पिता व दादी के साथ गत दिवस खेत गया हुआ था। यहां निरंजन भाई के साथ दोपहर के समय खेत से घर लौट रहा था। इसके पहले ही रंजिश रखते हुए आरोपी नितेश यादव पिता भोपाल यादव ने अपने ही घर के सामने ट्रेक्टर अड़ा कर रास्ता रोक दिया। निरंजन के साथ विवाद करना शुरू कर दिया। अभ्रद भाषा का प्रयोग करने पर निरंजन के द्वारा विरोध किया। इस पर आरोपी नितेश,भोपाल यादव व कैलाश यादव ने एक राय होकर निरंजन को घेर लिया।

महिलाओ ने युवक को पकडक़र कर आरोपियो ने तलवार, रॉड और लॉठी से हमला कर दिया।

आरोपियो ने जान से मारने की नियत पर एक के बाद एक कई वार सिर पर किया। जिससे निरंजन मौके पर ही जमीन पर गिर गया। भाई को बचाने के लिए नितेश उर्फ छोटू और अधिवक्ता उदय यादव सामने आए तो उक्त पांचों आरोपीयों ने उनके साथ भी मारपीट की गई जिसमें इन दोनों को भी गंभीर चोटें आई हैं किसी तरह से घायल युवक को परिवार जन बचाकर ले गए। आरोपियो के द्वारा तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी दी गई। लखनादौन अस्पताल के चिकित्सक नाजुक हालत को देखते हुए जबलपुर रेफर कर दिया गया। मारपीट, तलवार और रॉड से आई गंभीर चोटें का इलाज जबलपुर में अधिवक्ता उदय एवं निरंजन यादव आज दिनांक तक अस्पताल मैं भर्ती रहकर इलाज करवा रहे हैं पुलिस के द्वारा आरोपी दो महिलाओ को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें से एक महिला की माननीय न्यायालय द्वारा जमानत याचिका रद्द कर दी गई जिसमें तीन आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। अधिवक्ताओं के ऊपर दिनों दिन हमला में वृद्धि हो रही है जिस कारण अधिवक्ताओं में भी रोष है इन आरोपियो के द्वारा पहले भी ग्रामीणो से किसी भी बात को लेकर विवाद कर मारपीट की घटना करते आ रहे। इन पर कई आपराधिक मामले भी दर्ज है। गांव में दशहत का माहौल है।

# 40 साल बाद हुआ सपना सच! सिवनी के 'चंकी पांडे' की मुलाकात असली बॉलीवुड 'चंकी पांडे' से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। कहते हैं न कि सपने देखने वालों की आंखों में चमक कभी नहीं मिटती, कुछ ऐसा ही हुआ सिवनी के चंकी पांडे जी के साथ, जो पिछले चार दशकों से बॉलीवुड एक्टर चंकी पांडे के बड़े प्रशंसक रहे हैं।**



लोग प्यार से उन्हें भी सिवनी का चंकी पांडे कहकर बुलाते हैं। लेकिन इस बार किस्मत ने ऐसा करवट ली कि 40 साल बाद उनकी मुलाकात खुद असली बॉलीवुड एक्टर चंकी पांडे से हो गई। जानकारी के मुताबिक, यह मुलाकात मुंबई में हुई जब सिवनी के चंकी पांडे किसी निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम में मौजूद मेहमानों के बीच अचानक 'बॉलीवुड स्टार चंकी पांडे' भी पहुंचे। जैसे ही दोनों की नजरें मिलीं, वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए क्योंकि दोनों का नाम, अंदाज़ और मुस्कान काफी हद तक मिलती-जुलती थी।

दोनों 'चंकी पांडे' की मुलाकात की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लोग इस फोटो को देखकर मज़ेदार कमेंट्स कर रहे हैं डुप्लीकेट मिला असली से! दोनों की स्माइल एक जैसी है!, और सिवनी का चंकी अब मुंबई का स्टार बन गया!

### असली चंकी पांडे ने क्या कहा

इस खास मुलाकात पर असली चंकी पांडे ने मुस्कुराते हुए कहा,ये मेरे लिए बहुत खुशी की बात है कि कोई मेरे नाम और स्टाइल को इतने सालों से पसंद करता है। सिवनी वाले चंकी का जोश देखकर मैं खुद भावुक हो गया। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे फैंस ही असली स्टार बनाते हैं और वो जल्द ही सिवनी आने का वादा भी कर गए।

# नगर सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में पेश किया था बजट, शुरु नहीं हो पाए कई कार्य

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नगर पालिका परिषद, सिवनी की प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक हर वर्ष होती है। बजट एवं कार्यों की स्वीकृति दी जाती है। हालांकि अधिकतर कार्य महज कागजों तक सीमित रह जा रहे हैं। वर्ष 2024-25 में नगर पालिका के बजट में शामिल किए गए ऑडिटोरियम, ट्रांसपोर्ट नगर सहित कई कार्य अब तक शुरु नहीं हो पाए हैं। सितंबर 2024 में परिषद के सभी 24 वार्ड के लिए विकास की योजना तय करने के लिए आयोजित किए गए विशेष सम्मेलन में 12 करोड़ की लागत से ऑडिटोरियम का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लिया गया था और इसक लिए बाबरिया में जगह भी चिन्हित की गई थी। उम्मीद थी कि जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया पूरी होगी और निर्माण कार्य शुरु होगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। बताया जाता है कि नगर पालिका चिन्हित किए गए जमीन पर ऑडिटोरियम बनाने के पक्ष में नहीं है। इसके पीछे वजह यह है कि यहां की जमीन बहुत महंगी है



और इसका उपयोग शॉपिंग काम्प्लेक्स बनाने में किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ परिषद का मानना है कि ऑडिटोरियम का इस्तेमाल कभी कभार ही किया जाता है। ऐसे में इसकी जगह कही और निर्धारित किया जाए। हालांकि तब से अब तक नगर पालिका दूसरी जगह चिन्हित नहीं कर पाया। नगर पालिका की कुछ वर्षों से वित्तीय स्थिति ठीक नहीं चल रही है। प्रदेश शासन से पर्याप्त फंड जारी नहीं हो रहा है। वहीं दूसरी ओर संपतिकर, जलकर सहित अन्य कर की वसूली में गंभीरता नहीं बरती जा रही है। ऐसे में नगर पालिका का अपनी आय बढ़ाने के लिए अब पूरा ध्यान शॉपिंग काम्प्लेक्स के निर्माण पर है। जिन्हें बेचकर वह अपनी वित्तीय स्थिति बेहतर करना चाहती है। इससे बीते वर्षों में प्रस्तावित कार्य भी शुरु हो पाएंगे।

मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत नगर सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में 12 करोड़ रुपए की लगात से ऑडिटोरियम निर्माण, शासन से मिले एक करोड़ रुपए के अनुदान से स्वीमिंग पुल का निर्माण, गार्डन निर्माण, 5 करोड़ रुपए अनुदान से ट्रांसपोर्ट नगर स्थापना कार्य को शामिल किया था। ट्रांसपोर्ट नगर स्थापना का कार्य भी अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। इसी तरह 5 करोड़ 50 लाख रुपए से पुरानी थोक सब्जी मण्डी, पुराने राजस्व कार्यालय एवं अन्य स्थानों पर शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण प्रस्तावित किया गया था। तारामंडल भी बनाया जाना था। गीता भवन बनाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया था। इन कार्यों में भी कोई प्रगति नहीं है।

# एलायंस इंडिया ने एआरटी सेंटर के बच्चों को दिए 31 स्कूल बैग

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सहयोग का संदेश देते हुए एलायंस इंडिया दिल्ली (एनजीओ) ने सराहनीय पहल की है। संस्था द्वारा एआरटी सेंटर जिला चिकित्सालय सिवनी में पंजीकृत बच्चों और बच्चियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विहान समग्र सिवनी को कुल 31 स्कूल बैग प्रदान किए गए। गुरुवार को जिला चिकित्सालय सिवनी स्थित एआरटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में इन बैगों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर एआरटी सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. जयज काकोडिय़ा ने बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए और कहा कि एलायंस इंडिया जैसे संगठन समाज



के उन वर्गों के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं जिन्हें सहयोग और प्रेरणा की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के माध्यम से ही बच्चे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।बैग पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान झलक उठी।

बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें यह उपहार पढ़ाई में और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम में एआरटी सेंटर के डाटा मैनेजर अवनेश ठाकुर, अजय गुप्ता,ममता मर्सकोले, रोशनी भालेकर, खुमेश्वरी बिसेन सहित, विहान समग्र सिवनी के प्रतिनिधि रत्नी शर्मा,प्रज्ञा,विष्णु दास तथा अन्य सहयोगी सदस्य उपस्थित रहे। एलायंस इंडिया द्वारा की गई यह पहल समाज में शिक्षा और समान अवसर की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम मानी जा रही है।

## 10 वर्षीय शौर्य सनोडिया गंभीर बीमारी से जूझ रहा

**आइए मिलकर इस मासूम को जिंदगी देने में मदद करें**

**सिवनी/जमुनिया :** जिले के ग्राम पंचायत नंदौरा के ग्राम जमुनिया निवासी 10 वर्षीय शौर्य सनोडिया गंभीर बीमारी से जूझ रहा है। चिकित्सकों ने बताया है कि उसका लीवर ट्रांसप्लांट जरूरी है। इलाज हैदराबाद (तेलंगाना) में चल रहा है और अनुमानित खर्च लगभग रु. 30 लाख है।

परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बच्चे के पिता तेजलाल सनोडिया ने पहले ही मुख्यमंत्री सहायता कोष से मदद के लिए सिवनी विधायक के माध्यम से आवेदन किया है। अब परिवार समाज के संवेदनशील नागरिकों से भी सहयोग की अपील कर रहा है। संपर्कः तेजलाल सनोडिया (पिता) - 9981828538 मानवीय अपील आइए मिलकर इस मासूम को जिंदगी देने में मदद करें।

# मिशन शक्ति अंतर्गत अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित

**सिवनी** / कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी श्री मनोज लारोकर के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति योजना अंतर्गत संचालित हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के माध्यम से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार 09 अक्टूबर 2025 को जनपद पंचायत सिवनी के सभाकक्ष में अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में जनपद पंचायत सिवनी की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती निकिता कोमलवार उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को सूखा एवं गीला कचरा प्रबंधन, होम कम्पोस्टिंग की प्रक्रिया, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की विधियां, कचरा रहित शहर बनाने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वन स्टॉप सेंटर सिवनी की प्रशासक सुश्री ईशा बाल्मिक ने हब एवं वन स्टॉप सेंटर द्वारा प्रदत्त सेवाओं, महिलाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स तथा बाल विवाह के दुष्परिणामों पर चर्चा की वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर श्रीमती सोनल सक्सेना ने अपशिष्ट प्रबंधन की तीन प्रमुख विधियां रिड्यूस, रीयूज़ एवं रिसाइक्लिंग को उदाहरण सहित समझाया एवं कार्यक्रम का संचालन सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर श्रीमती नारायणी सक्सेना द्वारा किया गया कार्यशाला का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना एवं प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण में सार्थक योगदान देने के लिए व्यावहारिक कौशल प्रदान करना था कार्यशाला में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहीं।

## 12 अक्टूबर को आयोजित होगी एनएमएमएस की परीक्षा 6954 विद्यार्थी होंगे शामिल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार दिनांक 12 अक्टूबर, 2025 को राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना एनएमएमएस चयन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। चयनित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि 1000/- प्रतिमाह की दर से प्रतिवर्ष प्रति विद्यार्थी रूपये 12000/- के मान से कक्षा 9वीं से 12वीं तक छात्रवृत्ति दी जाती है। कक्षा 10वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक छात्रवृति निरंतर जारी रहने हेतु प्राप्त करना अनिवार्य है। कक्षा 9वीं से 12वीं में पहले प्रयास यानि पहली बार में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। यह छात्रवृति केवल शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त एवं स्थानीय निकायों के विद्यालयों में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों के लिए है। इस परीक्षा में विकासखण्ड बरघाट के 1058, छपारा के 751, धनौरा के 583, घंसौर के 909, केवलारी के 882, कुरई के 203, लखनादौन के 1168, सिवनी के 1400 इस प्रकार जिले की शासकीय शालाओं में कक्षा 08 में अध्ययनरत कुल 6954 विद्यार्थी एनएमएमएस चयन परीक्षा में सम्मिलित होंगे। एनएमएमएस चयन परीक्षा हेतु जिले में कुल 57 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है। उन्होंने बताया कि परीक्षा का समय प्रातः 10:45 से 12:30 तक (90 मिनट) प्रश्नों की संख्या 90 दोपहर 12:30 से 2:15 तक (90 मिनट) प्रश्नों की संख्या 90 मानसिक योग्यता परीक्षण (MAT) शैक्षिक योग्यता परीक्षण (SAT) पंजीकरण उपरांत सत्यापित बच्चों के प्रवेश पत्र आरएसके पोर्टल पर जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी एवं बीआरसीसी की लॉगिन पर उपलब्ध है। समस्त पंजीकृत बच्चों को परीक्षा दिनांक से 03 दिवस पूर्व प्रवेश-पत्र उपलब्ध कराने एवं परीक्षा में सम्मिलित कराने हेतु सर्व संबंधितों को निर्देशित किया गया है।

# हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी - आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान से समृद्धि का नया मार्ग

**सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिवनी में आज आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विषय पर एक भव्य प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती भारती पारधी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, वरिष्ठ नेता वेद सिंह ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम में उपस्थित रहे प्रमुख अतिथि एवं नेता**

इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके, जीएसटी उत्सव अभियान के जिला संयोजक सीए अखिलेश शुक्ला, सीए सह संयोजक राजेश गुप्ता एवं सीए अमित महाजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, आनंद शर्मा, जिला मंत्री डॉ. अभिजीत



चौहान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी एवं पूर्व जिला महामंत्री संतोष नगपुरे सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम का संचालन जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने किया, कार्यक्रम के जिला संयोजक गजानंद पंचेश्वर अभियान की रूपरेखा और कार्यक्रम की विशेषताओं की जानकारी दी।

हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी बना आत्मनिर्भर भारत का मंत्र कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी — यह नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है। जब हम अपने देश में बने उत्पादों को अपनाते हैं, तो हम न केवल अपनी संस्कृति को सम्मान देते हैं, बल्कि अपने देश की अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करते हैं। स्वदेशी अपनाना अपने कारीगरों, किसानों, छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

उन्होंने आगे कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक आंदोलन नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल, स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों के माध्यम से देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**सांसद भारती पारधी ने रखे जीएसटी सुधारों के तथ्य**

सांसद श्रीमती भारती पारधी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान से जुड़े जीएसटी 2.0 सुधारों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा घोषित नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म आम जनता, किसानों, एमएसएमई, महिलाओं और युवाओं के जीवन को स्वावलंबी बनाएंगे। कृषि उपकरण, उर्वरक, डेयरी उत्पाद, स्वास्थ्य उपकरण और हस्तशिल्प पर जीएसटी घटाने से स्वदेशी उत्पाद सस्ते होंगे और किसानों, छोटे उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि -ट्रैक्टर पर जीएसटी दर 12प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत की गई है जिससे किसान को औसतन 65,000 तक की बचत होगी। डेयरी उत्पाद, बायो-फर्टिलाइजर, चिकित्सा उपकरण और हस्तशिल्प वस्तुओं की कीमतों में भी कमी आएगी। इन सुधारों से ग्रामीण कुटीर उद्योगों को बल मिलेगा और मेक इन इंडिया' को नई गति मिलेगी।

**विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा - यह अभियान भारत की समृद्धि का अभियान है**

सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल आर्थिक सशक्तिकरण का नहीं, बल्कि सामाजिक समृद्धि का अभियान है।उन्होंने कहा सिवनी जिले में स्थानीय उत्पादों और लघु उद्योगों ने अनेक परिवारों की आजीविका और समृद्धि का आधार बनाया है। इस अभियान के माध्यम से हर नागरिक तक स्वदेशी का संदेश पहुँचेगा और देश आत्मनिर्भरता के नए युग में प्रवेश करेगा।

**गजानंद पंचेश्वर ने दी अभियान की तिथिवार रूपरेखा आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के जिला संयोजक एवं भाजपा के जिला महामंत्री** गजानंद पंचेश्वर ने बताया कि यह अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती से प्रारंभ होकर 25 दिसंबर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती तक चलेगा।

# संदीप माना ठाकुर बने भाजपा दक्षिण मंडल के नगर मंत्री



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के रानी दुर्गावती वार्ड के संदीप माना ठाकुर को भाजपा दक्षिण मंडल नगर मंत्री का दायित्व प्राप्त होने के भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन राय एवं सिवनी बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं हृदय से आभार व्यक्त किया।

## दबंग सरपंच-सचिव शासन की राशि को समझ रहे हैं अपनी जागीर,मनमर्जी से कर रहे हैं निर्माण कार्य

# ग्राम पंचायत भंडारपुर में लाखों का भ्रष्टाचार, ग्रामीणों ने की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले के बिरसा विकासखंड की भंडारपुर पंचायत में सरपंच और सचिव पर भ्रष्टाचार और सरकारी राशि के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगा है। गुरुवार को गांव के एक दर्जन से अधिक लोगों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर सरपंच जयचंद पंद्रे और सचिव अमृतलाल तुरकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि दोनों ने मिलकर पांचवें वित्त आयोग की 5 लाख रुपए से अधिक की राशि फर्जी तरीके से खर्च कर उसका गबन किया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

शिकायत करने आए ग्रामीण जयचंद मेश्राम ने आरोप लगाया कि सरपंच और सचिव मिलकर गांव में मनमानी कर रहे हैं। जब ग्रामीण उनसे विकास कार्यों के बारे में पूछते हैं तो सरपंच सीधा जवाब देता है कि ₹जो बनता है कर लो।₹ ग्रामीणों ने कहा कि वे गाँव का विकास चाहते हैं, लेकिन सरपंच और सचिव की मनमानी के कारण विकास कार्य पूरी तरह से ठप हैं।

दूसरे ग्रामीण अकल सिंह मरकाम ने बताया कि नए सचिव के आने के बाद से पंचायत में बिना नियमों के काम हो रहे हैं। यहां तक कि बिना प्रशासनिक स्वीकृति और तकनीकी स्वीकृति के भी काम कराए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरपंच ग्रामीणों से कहता है कि ₹तुम पूछने वाले कौन होते हो, हम जनता से मतलब नहीं रखते।

शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी शिकायत पर जल्द ही निष्पक्ष जांच नहीं की गई और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे पंचायत में तालाबंदी आंदोलन शुरू करेंगे। ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में बिल नंबरों का उल्लेख करते हुए गबन के पुख्ता प्रमाण होने का दावा किया है।



## धान फसल की कटाई हुई शुरू, उप संचालक कृषि ने लेंडेझरी में धान की कटाई की

**बालाघाट।** बालाघाट जिला मध्यप्रदेश राज्य का सर्वाधिक धान उत्पादक जिला है। जिले में हल्की अर्थात कम अवधि में पकने वाली धान की कटाई किसानों द्वारा शुरू कर दी गई है। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय 02 अक्टूबर को धान फसल के निरीक्षण के लिए ग्रामों के भ्रमण पर गये थे। इस दौरान उन्होंने लालबर्रा विकासखंड के ग्राम लेंडेझरी में खेत में धान की कटाई करने पहुंची महिलाओं को देखा तो वे भी खेत में पहुंच गये और अपने हाथों में हंसिया लेकर धान की कटाई की। इस दौरान उन्होंने धान की कटाई एवं गहाई के संबंध में महिलाओं से चर्चा की और कहा कि अगली फसल के लिए धान का बीज स्वयं ही तैयार करें। जिससे उन्हें बाजार से मंहगा बीज नहीं लेना पड़ेगा और वे धान बीज के मामले में आत्मनिर्भर बनेंगें।

## ड्रग विभाग : दो प्रतिबंधित सीरप की 167 बोतलें जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में ड्रग विभाग ने दो प्रतिबंधित सीरप - रेसिपी फ्रेश टीआर और रिलाइफ सिरप - के नए बैच की 167 बोतलें सील कर दी हैं। यह कार्रवाई छिंदवाड़ा में कोल्ड्रीफ कफ सीरप से बच्चों की मौत के बाद सरकार और ड्रग विभाग की सक्रियता के बीच हुई है।

इससे पहले, छिंदवाड़ा में कोल्ड्रीफ कफ सीरप के उपयोग से बच्चों की मौत के बाद कोल्ड्रीफ कफ सीरप और नेस्ट्रो-डीएस सस्पेंशन पर प्रतिबंध लगाया गया था। गुजरात की एक ड्रग कंपनी के दो उत्पाद, रेसिपी फ्रेश टीआर (बैच नंबर आर011 जीएल 2523) और रिलाइफ सिरप (बैच नंबर एलएसएल 25160), भी जांच में अमानक पाए गए थे, जिसके बाद इन पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया।

हालांकि, बालाघाट जिले में प्रतिबंधित बैच नंबर की दवाएं नहीं मिलीं। इसके बावजूद, एहतियात के



तौर पर ड्रग विभाग ने जिले में बिक रहे रेसिपी फ्रेश टीआर और रिलाइफ सिरप के नए बैच के क्रय, विक्रय और संग्रहण पर रोक लगा दी है।

ड्रग विभाग ने रेसिपी फ्रेश टीआर सीरप की 100 एमएल की 158 बोतलें और रिलाइफ सिरप की 9 बोतलें जब्त की हैं। इन सभी 167 बोतलों को सील कर दिया गया है और जांच रिपोर्ट आने तक इनके विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा।

ड्रग इंस्पेक्टर जयप्रकाश ने जिले के थोक दुकान संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे खुदरा विक्रेताओं को बेची गई दवाइयां वापस मंगवाकर डिस्ट्रीब्यूटर और निर्माता को भेजें। इसके अतिरिक्त, 6 दवा नमूनों को विधिवत सील करके शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। इनकी जांच रिपोर्ट का इंतजार है।

## कल बालाघाट शहर की विद्युत सप्लाई 5 घंटे रहेगी बाधित

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता रवि कुमार कुम्हरे द्वारा बताया गया है कि 11 अक्टूबर दिन शनिवार को (ट्रांसमिशन कंपनी) 132 केवी सबस्टेशन



बालाघाट में अति आवश्यक सुधार कार्य करने के लिए सम्पूर्ण बालाघाट शहर की विद्युत सप्लाई दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। साथ ही 132 केवी सबस्टेशन से निर्गमित समस्त 33 केवी ग्रामीण फीडरों एवं फीडर से संबंधित क्षेत्र और संबंधित समस्त हाईटेंशन उपभोक्ताओं की सप्लाई बाधित रहेगी। सभी बिजली उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि सुधार कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करें।

## ग्राम भालवा में हुआ फसल प्रदर्शन का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज हट्टा।

8 अक्टूबर को ग्राम भालवा में हाई रिच सीड्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से फसल प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत में किसान रैली निकाली गई जो पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए फसल प्रदर्शन कार्यक्रम जहां धान लगा था वहां पर पहुंची कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत भालवा सरपंच अल्केश्वरी रंहागडाले ने फिता काटकर किया एवं किसान श्रीमान बालचंद जी शरणागत जिनके खेत में धन लगा है को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया इसके पश्चात सभी किसानों को फसल दिखाई गई।

इस कार्यक्रम में किसानों को फसल से संबंधित जानकारी देने के लिए कंपनी के रीजनल मैनेजर हरिशंकर नगपुरे एवं टेरिटरी मैनेजर इंद्रप्रकाश शरणागत उपस्थित थे नगपुरे जी के द्वारा किसानों को बताया गया कि यहां पर हाई रिच




सीड्स कंपनी का धान MDR 4001 किस्म लगी है जो कि बहुत अच्छी फसल लग रही हैं इसके अलावा इस धान के विशेष गुण जैसे की अधिक उपज रोग प्रतिरोधी गुण C+ टेक्नोलॉजी के अलावा धान की फसल के संपूर्ण प्रबंधन एवं लोगों की रोकथाम की संपूर्ण जानकारी दी गई।

इस पूरे कार्यक्रम में ग्राम भालवा पंचायत सरपंच श्रीमती अल्केश्वरी रंहागडाले, उप सरपंच योगराज पटेल, सहायक सचिव दीपक जामरे इनके अलावा चंदन शरणागत ,शालिकराम उईके , अनिल बिसेन, ईश्वरी पटले, तोशन पाचे, पन्नालाल चामलाते ,राजकुमार मदनकर, चंदनलाल पांचे, ज्ञानदाश वैध, अजीत रंगारे ,दुलीचंद शरणागत एवं ग्राम भालवा के लगभग 400 किसानों ने हिस्सा लिया इसी कड़ी में मां शारदा कृषि केंद्र के संचालक शेखर शरणागत जी एवं राहंगडाले कृषि केंद्र के संचालक कृष्ण राहंगडाल जी भी उपस्थित रहे ।किसानों ने धान MDR 4001 को बहुत अच्छी धान बताकर फसल की सहराना की एवं 115 दिन किस्म होने से रबी सीजन के लिए भी उपयुक्त कहा।

## चार वाहनों से 2 लाख 4 हजार रुपये का जीएसटी जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जबलपुर और बालाघाट की जीएसटी टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पिछले तीन दिनों में 10 ऐसे वाहन पकड़े हैं जो जीएसटी चोरी कर माल का परिवहन कर रहे थे। इनमें से चार वाहनों से 2 लाख 4 हजार रुपये का जीएसटी जुर्माना वसूला गया है, जबकि शेष छह वाहनों के दस्तावेजों की जांच अभी भी जारी है।

जिन चार वाहनों से जुर्माना वसूला गया, उनमें किरनापुर में तंबाकू से भरे एक वाहन से 1 लाख 50 हजार रुपये, गर्रा चौकी पर सीमेंट के वाहन से 23 हजार रुपये, नवेगांव थाना में स्क्रैप वाहन से 21 हजार 600 रुपये और गर्रा चौकी के एक अन्य वाहन से 9 हजार 600 रुपए शामिल हैं।

जीएसटी विभाग ने सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाने वाले मामलों पर यह कार्रवाई की। गर्रा हाईवे चौकी पर 4, भरवेली में 2, कटंगी में 1, किरनापुर में 1 और नवेगांव में 2 वाहन पकड़े गए थे। इन सभी 10 वाहनों को अभिरक्षा में लेकर उनके माल के जीएसटी दस्तावेजों की जांच की गई।

बालाघाट जीएसटी विभाग के बी.के. पटेल ने बताया कि शेष छह वाहनों के जीएसटी दस्तावेजों की जांच चल रही है। प्रारंभिक जांच में जीएसटी चोरी कर माल



परिवहन का मामला सामने आया है। इस कार्रवाई में असिस्टेंट कमिश्नर सरिता सिरसाम, स्टेट टैक्स ऑफिसर डी.एल. पटले और क्लर्क हरि कुंभरे सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं।

यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर की गई है। जानकारी के अनुसार, बालाघाट से बाहर और बाहर से बालाघाट में ट्रकों द्वारा बिना जीएसटी शुल्क अदा किए माल का परिवहन किया जा रहा था। विभाग की यह कार्रवाई अभी भी जारी है।

### डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के कथित अपमान के विरोध में प्रदर्शन

## भीम आर्मी ने ग्वालियर-दिल्ली के वकील का पुतला फूंका

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में भीम आर्मी सेना ने गुरुवार को डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के कथित अपमान के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने ग्वालियर के वकीलों अनिल मिश्रा और सीजेआई गवई पर जूता फेंकने वाले अधिवक्ता राकेश का पुतला फूंका।



भीम आर्मी सेना के जिलाध्यक्ष रितेश बोरकर ने चेतावनी दी कि यदि इन अधिवक्ताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो 15 अक्टूबर को पूरे देश से भीम आर्मी सेना के सदस्य ग्वालियर में अनिल मिश्रा के घर पर 10 लाख जूते और जूतों की माला फेंकेंगे। इस आंदोलन में बालाघाट जिले से भी हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

दरअसल, यह विरोध 5 अक्टूबर को ग्वालियर के अधिवक्ता अनिल मिश्रा के एक सोशल मीडिया बयान के बाद शुरू हुआ। मिश्रा ने डॉ. बाबा साहब अंबेडकर को अंग्रेजों का जासूस बताया था और उनके अस्तित्व को खत्म करने की बात कही थी।

इसके अतिरिक्त, भीम आर्मी सेना ने हाल ही में सीजेआई गवई पर अदालत में जूता फेंकने की घटना पर भी अपना आक्रोश व्यक्त किया है।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष रितेश बोरकर ने कहा कि बाबा साहब पर की जा रही अनर्गल टिप्पणियों और जूते फेंकने की घटनाओं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे स्पष्ट होता है कि ऐसे लोगों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है।

बोरकर ने आगे कहा कि देश में मनुवादी सोच प्रदर्शित हो रही है, जिसका वे विरोध करते हैं। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द इन मामलों में कार्रवाई की जाए, अन्यथा भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर 15 अक्टूबर को उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसमें अनिल मिश्रा के घर पर 10 लाख जूते फेंके जाएंगे।

## आदिवासी दो दिवसीय 'घेरा डालो-डेरा डालो' आंदोलन स्थगित, एसडीएम ने दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में आदिवासी समाज संगठन के बैनर तले दो दिवसीय 'घेरा डालो-डेरा डालो' आंदोलन एडीएम को ज्ञापन सौंपने के साथ समाप्त हो गया। यह आंदोलन सामूहिक और व्यक्तिगत पट्टों के दावों, वनग्रामों से आदिवासियों के विस्थापन के विरोध तथा सरकार के नीतिगत निर्णयों के खिलाफ किया गया था। आदिवासी संगठनों से ज्ञापन स्वीकार करते हुए एडीएम डी.एस. धुर्वे ने आश्वासन दिया कि जिले की मांगों का निराकरण विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर किया जाएगा। हालांकि, शासन स्तर के नीतिगत निर्णयों को सरकार को भेजा जाएगा।

जनसंघर्ष मोर्चा के संयोजक विवेक पंवार ने बताया कि यह आंदोलन समाप्त नहीं, बल्कि स्थगित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर सरकार आदिवासी क्षेत्रों में संसाधनों को छीनने का प्रयास कर रही है। यह प्रयास बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, सिवनी और छिंदवाड़ा जैसे जिलों में देखा जा रहा है। आदिवासी संगठनों ने लेह में हुई हिंसा के बाद सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी की निंदा की। उन्होंने इसे भाजपा सरकार द्वारा दंगे के लिए उकसाने का झूठा मामला बताया और राष्ट्रपति से हस्तक्षेप कर न्यायसंगत कार्रवाई की मांग की। पंवार ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो भविष्य में आंदोलन बड़े स्वरूप में होगा।

दूसरी ओर, प्रशासन का कहना है कि जिले में वन अधिकार पट्टों का वितरण गूगल अर्थ और सैटेलाइट इमेजरी के उपयोग से सरल हो गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कब्जे का सत्यापन कर पट्टों का वितरण किया जा रहा है। हालांकि, आदिवासी संगठन इससे सहमत नहीं हैं। उनका आरोप है कि जिले में बड़ी संख्या में सामूहिक और व्यक्तिगत पट्टों के दावे रद्द किए गए हैं।

# मलाजखंड पुलिस ने चलाया साइबर सुरक्षा अभियान

### मोहगांव स्कूल के छात्रों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मलाजखंड थाना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव में 8 अक्टूबर को छात्र-छात्राओं व शिक्षकगढ़ों की उपस्थिति में सायबर सुरक्षा अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की दैनिक रूपरेखा अनुसार साइबर अपराध रोकथाम पर सफलता की कहानी, साइबर सुरक्षा के बारे में क्या करें और क्या ना करें ,सुरक्षित पासवर्ड एवं संदिग्ध ईमेल और अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी शेयर ना करने एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में एडवाइजरी के माध्यम से जागरूक किया गया। इसके साथ ही सायबर अपराध से बचाव हेतु सावधानियाँ, अन्य साइबर अपराध से बचने सम्बन्धी अधिक से अधिक जानकारी दी गई। वही मलाजखंड थाना प्रभारी निरी नरेंद्रसिंह यादव के निर्देशन मे सहायक उपनिरीक्षक सुलेखा मरकाम, आर 46 बृजलाल उईके , आर 1408 शांति मरकाम द्वारा जागरूकता का संदेश दिया गया।




## फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण की तैयारी लिए आयोजित हुई बैठक

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गए है। इसी के परिपालन में 09 अक्टूबर को एसडीएम एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगर परिषद बैहर श्री अर्पित गुप्ता की अध्यक्षता में प्राधिकृत कर्मचारी तथा निकाय क्षेत्र अंतर्गत समस्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई।

### सीरप कंपनी के मालिक पर हो गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज -श्याम पंजवानी

## कप सीरफ से मृतक बच्चों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, कैंडल मार्च निकालकर किया शोक व्यक्त

### कांग्रेस ने मांगा स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल का इस्तीफा,

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कोल्ड्रीफ कफ-सीरप से छिंदवाड़ा में हुई करीब दो दर्जन बच्चो की मौत ने बच्चो के स्वास्थ्य जांच पर सवाल खड़े कर दिए है। गुरूवार को देरशाम कांग्रेस ने जिला कांग्रेस कार्यालय से कैंडल मार्च निकाला और दुर्गा मंदिर के सामने गांधी प्रतिमा स्थल पर शोक श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस का आरोप है कि कफ सीरप के बनने के बाद, प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने विभागीय संसाधनो से इसकी जांच



नहीं की। जिसके कारण रासायनिक कैमिकल मिले, कफ-सीरफ पीने से बच्चो की मौत हुई है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने बताया कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद, सरकार अभी भी सोई हुई है। सरकार ने उत्पाद तो बैन कर दिए है लेकिन श्रीसन कंपनी के मालिक पर कोई कार्यवाही नहीं की है, कांग्रेस मांग करती है कि मालिक पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें सजा दिलाए और इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल का इस्तीफा लिया जाए। उन्होंने बताया कि यदि सरकार, स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा नहीं लेती है तो आगामी समय में कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।उक्त कार्यक्रम में अंजू जैस्वाल, भुरू पटेल,वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेंद्र पटेल,जावेद अली , अल्लाह रखा, शमीम सिद्दीकी, जीतू बर्वे, कपिल बर्वे, निखिल गौतम, नितेश कटरे,शब्बीर पटेल, जुबेदा अंसारी, डॉ वरकड़े, दुर्गा वरकडे, अंकित अग्रवाल, डॉ अमर बिसेन, नितिन शिवहरे, मिठन नागपुरे ,अनिल सोनी,मयूर मोटवानी, शेख अंसार, शहबाज अहमद, साबिर मंसूरी, साजिद खान रामप्रसाद नेवारे सहित अनेक कांग्रेसी सम्मिलित हुआ।

## महाबोधी महाविहार मुक्ति हेतु पूज्य भंते विनयाचार्य का आगमन

### धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस, वर्षावास समापन, प्रवचन मालिका मिलन सम्मान समारोह में शामिल होंगे जिले के कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

12 अक्टुबर को भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धार्मिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया जिला शाखा इंदौर द्वारा धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस, वर्षावास समापन समारोह, प्रबोधन मालिका, मिलन सम्मान समारोह एवं मैत्री भोज का आयोजन ताई मंगेशकर सभागृह ईस्वा कालेज के सामने लोहामंडी इंदौर में किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि



क्रांतिकारी भंते विनयाचार्य बोधगया होगें। प्रमुख अतिथि यो में एस.के.भडारे सर ट्रस्टी व राष्टीय उपाध्यक्ष एवं स्टाफ़ आफिसर SSD, बी.एच.गायकवाड गुरूजी राष्टीय सचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी मुंबई, गौतम पाटिल राष्टीय संघठक भोपाल, एवं डॉ. चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष एवं केन्द्रीय शिक्षक मप्र राज्य शाखा होगें। वही विशेष अतिथियों में डॉ.उत्तम प्रधान मप्र,महामंत्री एवं लेफिटीनेट कर्नल SSD,डॉ. शांताराम वाघ सर उपाध्यक्ष एवं लेफटीनेट कर्नल SSD इंदौर, शशिकांत वानखेडे एवं कैलाश इंगले राज्य संघठक इंदौर, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्य. सचिव (बालाघाट), समारोह की अध्यक्षता शुभम रायपुरे, जिलाध्यक्ष BSI इंदौर द्वारा की जावेगी। इस अवसर पर समता सैनिक दल द्वारा मार्च निकालकर बाबा साहेब को मान वंदना दी जावेगी। इस अवसर पर केन्द्रीय शिक्षक, बोद्धाचार्य एवं अतिथियों का सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। अतः संघठन के समस्त पदाधिकारी, आंबेडकरी बौद्ध अनुयायियो से उक्त समारोह में उपस्थित होने अपील बालाघाट,इंदौर,जिला एवं मप्र.राज्य शाखा द्वारा की गई है।